गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
(नैक द्वारा "A++" ग्रेड प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर–495009 (छ.ग.)
दूरभाष : 07752–260209, फैक्स : 07752–260154
ई–मेल : ggv.registrar@gmail.com, वेबसाईट : www.ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
(A Central University with "A++" Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur-495009 (C.G.)
Phone : 07752-260209, Fax : 07752-260154
E-Mail : ggv.registrar@gmail.com, Website : www.ggu.ac.in

क्रमांक 610 / बै.प्र. / स्था.स. / 2025 बिलासपुर, दिनांक : 09-10-2025

**प्रति,**

**समस्त सम्माननीय सदस्यगण**
**All Hon'ble Members**
विद्यापरिषद् की स्थायी समिति,
Standing Committee of Academic Council
गुरु घासीदास विश्वविद्यालय,
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
बिलासपुर (छ.ग.)
Bilaspur (C.G.)

**विषय :–** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 224वीं बैठक दिनांक 09.10.2025 के कार्यवृत्त का प्रेषण।
**Subject :-** Dispatch of minutes of 224th meeting of Standing Committee of Academic Council dated 09-10-2025.

---0---

**महोदय / महोदया,**
**Sir/Madam**

विषयान्तर्गत, दिनांक 09.10.2025 को आयोजित विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 224वीं बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ एवं अभिलेख हेतु संलग्न प्रेषित है।

Under the subject, the minutes of the 224th meeting of the Standing Committee of the Academic Council held on 09-10-2025 is enclosed for perusal and record.

आदेशानुसार/By order,

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**/Registrar (Acting)

पृ0 क्रमांक 611 / बै.प्र. / स्था.स. / 2025 बिलासपुर, दिनांक : 09-10-2025

**प्रतिलिपि/Copy to :–**

01. कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
The Secretary to the VC for the information of the HVC.
02. कुलसचिव के निज सहायक की ओर कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
The PA to the Registrar for inf ormation of the Registrar.
03. निदेशक, आईक्यूएसी / सहायक कुलसचिव–अकादमिक / प्रशासन / विकास / वित्त, प्रभारी विश्वविद्यालय वेब पटल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
Director, IQAC/Assistant Registrar - Academic/Administration/Development/ Finance/Incharge University website for information and necessary action.
04. कार्यालय प्रति।
Office Copy.

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**/Registrar (Acting)

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 224वीं बैठक दिनांक 09.10.2025 का कार्यविवरण**

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 224वीं बैठक दिनांक 09.10.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव (कार्यवाहक) ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव | सदस्य |
| 3. | प्रो0 सीमा राय | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राजेन्द्र मेहता | सदस्य |
| 5. | प्रो0 सी.एस. वझलवार | सदस्य |
| 6. | प्रो0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 7. | प्रो0 एस.सी. तिवारी | सदस्य |
| 8. | प्रो0 एच.एस. तिवारी | सदस्य |
| 9. | प्रो0 रामकृष्ण प्रधान | सदस्य |
| 10. | प्रो0 पी.पी. मूर्ति | सदस्य |
| 11. | डॉ0 सुधांशु रंजन मोहापात्रा | सदस्य |
| 12. | प्रो0 बी.डी. मिश्रा | सदस्य |
| 13. | प्रो0 मनोज कुमार | सदस्य |
| 14. | डॉ0 एम.एस. धपोला | सदस्य |
| 15. | डॉ0 विनोद कुमार विश्वकर्मा | सदस्य |
| 16. | डॉ0 गीता मिश्रा | सदस्य |
| 17. | प्रो0 भारती अहिरवार, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-विकास | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 18. | प्रो0 अमित कुमार सक्सेना, निदेशक, आईक्यूएसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 19. | प्रो0 एम.के. सिंह, प्रभारी-अधिष्ठाता-छात्र कल्याण | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 20. | डॉ0 सम्पूर्णानन्द झा, परीक्षा नियंत्रक | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 21. | प्रो0 बुद्धेश्वर प्रसाद सिंघरौल, वित्ताधिकारी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 22. | प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी, समन्वयक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 23. | प्रो0 संतोष कुमार प्रजापति, निदेशक-अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 24. | डॉ0 ए.के. शर्मा, ग्रंथपाल | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 25. | प्रो0 मनीष श्रीवास्तव, निदेशक, ओडीएल | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 26. | प्रो0 आलोक कुमार सिंह कुशवाहा, निदेशक, एमएमटीटीसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 27. | प्रो0 आर.के. चौबे, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, यांत्रिकी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 28. | डॉ0 गणेश प्रसाद शुक्ला, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-भण्डार | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 29. | प्रो0 ए.एस. रणदिवे, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में कुलपति महोदय द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन दिया गया एवं कुलपति महोदय ने अपने उद्बोधन में बताया कि यथोचित प्रयास से ही प्रगति के मार्ग की प्राप्ति होती है। तदोपरान्त निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गये :-

Randive
09-10-2025

09/10/2025

**विषय क्र.01** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 223वीं बैठक दिनांक 03.10.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 223वीं बैठक दिनांक 03.10.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

**विषय क्र. 02** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 223वीं बैठक दिनांक 03.10.2025 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की 223वीं बैठक दिनांक 03.10.2025 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की।

**विषय क्र. 03.** **श्रीमती भावना शुक्ला, सहायक प्राध्यापक, इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की प्रतिनियुक्ति अवधि में 01 वर्ष वृद्धि के सबंध में विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि श्रीमती भावना शुक्ला, सहायक प्राध्यापक, इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की प्रतिनियुक्ति अवधि में 01 वर्ष वृद्धि प्रदान की जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि श्रीमती भावना शुक्ला को उपरोक्त वृद्धि के उपरान्त भविष्य में प्रतिनियुक्ति अवधि में वृद्धि संबंधी अनुमति प्रदान न की जाय।

**विषय क्र. 04.** **विश्वविद्यालय द्वारा notified vide Order No.: 563/लैपटॉप वितरण/मार्गदर्शिका/भण्डार/2025 बिलासपुर दिनांक 31.03.2025 के संबंध में procurement and usage/ distribution of laptop among the teaching faculty members and officers of GGV, Bilaspur (C.G.) के दिशा–निर्देश में संशोधन के संबंध में विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेश क्रमांक 563/लैपटॉप वितरण/मार्गदर्शिका/भण्डार/2025 बिलासपुर दिनांक 31.03.2025 के संबंध में procurement and usage/ distribution of laptop among the teaching faculty members and officers of GGV, Bilaspur (C.G.) के दिशा–निर्देश के संबंध में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, भण्डार शाखा से प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उपरोक्त उल्लेखित योजना के अंतर्गत अतिरिक्त लैपटॉप उपलब्ध होने पर समर्थ पोर्टल के संचालन हेतु विश्वविद्यालय के कार्यालयों एवं विभागों को लैपटॉप आबंटित कर दिया जाय।

**विषय क्र. 05.** **भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली द्वारा पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय बॉलीबॉल (महिला) टूर्नामेंट के आयोजन एवं शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तावित परीक्षा की तिथियों के संबंध में विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली द्वारा पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय बॉलीबॉल (महिला) टूर्नामेंट के आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तावित परीक्षा की तिथियों में परिवर्तन को मान्य किया जाय एवं तदनुसार परीक्षा आयोजित की जाय।

09-10-2025

09/10/2025

**विषय क्र. 06.** **छात्र महेशचन्द्र अग्रवाल ME (by Research) को उपाधि प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने के संबंध में विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि छात्र महेशचन्द्र अग्रवाल ME (by Research) को उपाधि प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने संबंधी प्रस्ताव एवं उपाधि प्रमाण पत्र प्रारूप का अनुमोदन किया जाय।

**विषय क्र. 07.** **सिविल इंजीनियरिंग विभाग में पार्ट टाईम प्री–पीएच.डी. कोर्स में नामांकन के संबंध में विचार किये जाने पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि सुश्री भव्यता भानू भाई जेठवा को पार्ट टाईम पीएच.डी. कार्यक्रम में नामांकन हेतु स्थानान्तरण प्रमाण पत्र एवं प्रवजन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने से छूट प्रदान किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उपरोक्त प्रकरण पर अनुमति विशेष परिस्थिति मानकर दी जाय, क्योंकि आवेदिका अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त की है एवं उपाधि प्रदानकर्ता विश्वविद्यालय स्थानान्तरण प्रमाण पत्र एवं प्रवजन प्रमाण पत्र जारी नहीं करता है।

स्थायी समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित दूरस्थ शिक्षा/ऑनलाईन पाठ्यक्रमों के अंतर्गत प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के स्थानान्तरण प्रमाण पत्र एवं प्रवजन प्रमाण पत्र जमा न कराये जाने के संबंध में नीति/दिशा–निर्देश प्रारूपित किया जाय। उक्त कार्य के सम्पादन हेतु समिति गठित की जाय, समिति के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

**विषय क्र. 08.** **वाणिज्य विभाग में एडजंक्ट फैकल्टी के कार्यकाल विस्तार के संबंध में विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रो0 प्रतिभा गोयल, पूर्व कुलपति, राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या को एडजंक्ट फैकल्टी के रूप में पुनः नियुक्ति प्रदान की जाय।

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

**अ.अ.वि.क्र .01** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष विश्वविद्यालय द्वारा यू–ट्यूब पर चलाये जाने वाले चैनल का विडियो प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत विडियो के अवलोकन उपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विडियो एवं प्रस्तुत प्रस्ताव का आंशिक संशोधन के साथ अनुमोदन किया जाय।

**अ.अ.वि.क्र .02** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष स्वावलम्बी छत्तीसगढ़ योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में स्वदेशी निर्मित सामग्रियों जैसे कि खाने का सामान, खिलौना, पेंटिंग इत्यादि के प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए स्थान निर्धारित किये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। प्राप्त प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्ताव पर स्थायी समिति की सैद्धांतिक सहमति है, तथापि उक्त योजना के सुचारू संचालन हेतु नीति एवं दिशा–निर्देश प्रारूपण हेतु समिति गठित की जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि बैठक के दौरान उक्त योजना के लिए स्वेच्छा से सहयोग देने की सहमति प्रदान करने वाले शिक्षकों को समिति में शामिल कर लिया जाय, तथापि शेष अन्य सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

Ranadive
09-10-2025

09/10/2025

**अ.अ.वि.क्र .03** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष स्थायी समिति की सदस्या प्रो0 सीमा राय, अधिष्ठाता, जीव विज्ञान विद्यापीठ ने ए.बी.डी.पी. के अंतर्गत संचालित होने वाले पाठ्यक्रम बी.ए. परफॉर्मिंग आर्ट के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की तथा यह बताया कि प्राप्त आवेदनों की संख्या 05 से कम है।

प्रो0 सीमा राय ने यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि आवेदन संख्या कम है परन्तु उक्त कार्यक्रम के संचालन से भविष्य में आवेदक एवं छात्र संख्या में वृद्धि की संभावना है, अतः पाठ्यक्रम संचालित किया जाय। प्रो0 एच.एस. तिवारी, अधिष्ठाता भौतिक विज्ञान विद्यापीठ ने प्रस्तुत प्रस्ताव का समर्थन किया।

उपरोक्त विषय पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि शैक्षणिक सत्र 2025–26 से ए.बी.डी.पी. के अंतर्गत प्रस्तावित 06 कार्यक्रमों में से संचालित होने वाले बी.बी.ए. इन रिटेल मैनेजमेंट एवं बी.एससी. कम्प्यूटर साईंस के साथ ही बी.ए. परफॉर्मिंग आर्ट कार्यक्रम का संचालन किया जाय एवं इच्छुक आवेदकों को प्रवेश प्रदान कर शिक्षण कार्य प्रारम्भ किया जाय।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

09-10-2025 | 09/10/2025
---|---
**कुलसचिव (कार्यवाहक) / सचिव** | **कुलपति / अध्यक्ष**